भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4358**
उत्तर देने की तारीख 27 मार्च, 2023 (सोमवार)
6 चैत्र, 1945 (शक)

**प्रश्न**

**पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम**

**4358. डॉ. थोल तिरुमावलवन:**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) के लोगों के लिए पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम लागू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास उक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन के बाद उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय लाभार्थियों के संबंध में कोई आंकड़े हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कुल लाभार्थियों में से कितने प्रतिशत जनजातीय लोग लाभान्वित हुए हैं?

**उत्तर**

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से घ) - उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा मणिपुर के तामेंगलांग (अब तामेंगलांग और नोनी) जिले में 2 वर्षों अर्थात 2018-19 और 2019-20 के लिए प्रायोगिक आधार पर पहाड़ी क्षेत्र विकास कार्यक्रम (एचएडीपी) शुरू किया गया था। एचएडीपी के तहत उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने 90 करोड़ रुपये की 41 परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिनमें से 13.15 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से इन जिलों की लक्षित आबादी (जनजातीय आबादी सहित) को लाभ हुआ है।

*****